Lifting Global Trade™

APM TERMINALS

एचएसएसई धोरण निवेदन

स्वास्थ्य नीति

एपीएम टर्मिनल्स मुंबई समस्त कर्मचारियों, ठेके के मज़दूरों तथा आगन्तुकों को उनके कार्यस्थल पर चोटों और बीमारियों से बचाते हुए स्वास्थ्य संबंधी खतरों से सुरक्षित रखने एवं सभी को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए निरन्तर सुधार हेतू वचनबद्ध है।

सुरक्षा नीति

एपीएम टर्मिनल्स मुंबई समस्त कर्मचारियों को रोजगार का सुरक्षित स्थान और काम के लिए मजेदार माहौल प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। कंपनी का यह उद्देश्य रहेगा कि संबंधित सुरक्षा दिशानिर्देशों, विनियमों और विधानों के दायरे में रहते हुए सभी कर्मचारियों, ठेके के मज़दूरों तथा आगन्तुकों हेतू सुरक्षा नीति की निरन्तर समीक्षा करे और उसमें सुधार के लिए कदम उठाए।

संरक्षा नीति

एपीएम टर्मिनल्स मुंबई अपने समस्त कर्मचारियों, ठेके के मज़दूरों, आगन्तुकों, पोर्ट का इस्तेमाल करनेवालों तथा जलयानों और इनके कर्मचारियों को एक सुरक्षित एवं संरक्षित कामकाज का वातावरण प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। आवश्यक सुरक्षा उपायों को स्थापित करके तथा उनको बनाए रखते हुए व्यक्तियों, कार्गो एवं मरीन सम्पत्तियों के विरूद्ध गैरकानूनी गतिविधियों से रक्षा प्राप्त होगी।

पर्यावरण नीति

एपीएम टर्मिनल्स मुंबई पर्यावरण को कंटेनर टर्मिनल बिज़नेस से सुरक्षित रखने तथा कर्मचारियों ठेके के मजदरों और आगन्तकों के लिए एक प्रदुषणरहित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध है। इस प्रकार हमारा ध्येय एक "पर्यावरण-कार्यक्षम" विश्वस्तरिय कंटेनर टर्मिनल बनाना है।

शराब एवं नशिले पदार्थ मुक्त कार्यस्थान नीति

एपीएम टर्मिनल्स मुंबई सभी कर्मचारियों, ठेके के कर्मचारियों और आगन्तुकों को एक नशिले पदार्थ एवं शराब मुक्त कार्यस्थान दिलाने के लिए वचनबद्ध है। एपीएम टर्मिनल्स मुंबई सभी कर्मचारियों, ठेके के मज़दूरों तथा आगन्तुकों को कार्यस्थल पर नियंत्रित पदार्थों के गैरकानूनी उत्पादन, वितरण, प्रदान करने, रखने या इस्तेमाल करने से निषेध करता है। एपीएम टर्मिनल्स मुंबई कामकाज के घंटों के दौरान शराब लेने तथा/या शराब/नशिले पदार्थ के प्रभाव में कार्यस्थल पर उपस्थित होने पर निषेध करता है। इस नीति का उल्लंघन करनेवालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी जिसमें कार्य से निकाला जाना भी शामिल है।

दिनांक : ७ जुलाई २०११
आवृत्ती क्रमांक: ०३

प्रदीप कुमार अग्रवाल
चीफ़ एग्ज़िक्यूटिव ऑफिसर